पंजाब केसरी 28/03/2026

मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की

समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए। (चंद्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में कॉलेज के एम.सी.ए. व एम.बी.ए. के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज ट्रस्ट एंड मैनेजमेंट सोसायटी, अम्बाला कैंट के सदस्य एवं समाजसेवी आलोक गुप्ता रहे और उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता का साधन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को शिक्षा और आत्म विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का अवसर भी है। समारोह में एम.सी.ए. और एम.बी.ए. के विद्यार्थियों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया, वहीं संकाय सदस्य और कॉलेज स्टाफने भी अपने सक्रिय सहयोग और समर्थन से कार्यक्रम को सफल और स्मरणीय बनाया।